हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 28 फ़रवरी 2026, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

1-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस– एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया।

श्री मोदी ने कहा -इस देशव्यापी पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है।

2-मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कुरुक्षेत्र से किया।

3-केंद्रिय कपड़ा मंत्री ने कहा -भारत से 200 बिलियन डॉलर के कंपोजिट व जियो सिंथेटिक टैक्सटाईल का निर्यात किया जाएगा।

4-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया।

5-मुख्यमंत्री ने लाडवा में 9 सड़कों के सुदृढ़ीकरण का शुभारंभ किया और सचिवालय का शिलान्यास किया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं के लिए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस– एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस देशव्यापी पहल का उद्देश्य सर्विकल कैंसर की रोकथाम करना है, जो महिलाओं में कैंसर से संबंधित रूग्णता के प्रमुख कारणों में से एक है। इस अभियान की औपचारिक शुरुआत पांच बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाकर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य की देखभाल की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं की छोटी से छोटी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी है। जबकि कांग्रेस सरकार ने इसे जरूरी नहीं समझा।

---------------------------------------------------------------------------------------------

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा में एचपीवी टीकाकरण  अभियान का शुभारंभ कुरुक्षेत्र से किया।इस अवसर पर उनके  साथ स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने कहा :-

मुख्यमंत्री ने इस ऐतिहासिक अभियान के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा  कि श्री नरेंद्र मोदी ने  2015 में पानीपत की ऐतिहासिक भूमि से पूरे देश से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का आह्वान किया था।आज उसी कड़ी में यह कार्यक्रम  बेटियों को सर्विकल कैंसर से बचाने के लिए शुरू किया गया है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कपड़ा उद्योग को उन्नत बनाने के लिए डेढ़ हजार करोड़ रूपये अतिरिक्त दिए है। जिसके चलते आज दुनिया में कपड़ा उद्योग का निर्यात 800 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है।

वे भिवानी के टैक्नीकल इंस्टीटयूट ऑफ टैक्सटायल एंड साइंसेज में आयोजित ग्लोबल टेक-टैक्टायल कॉनक्लेव में बोल रहे थे। कपड़ा मंत्री ने कहा -

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भारत तकनीकी आधार पर बनने वाले कंपोजिट टैक्सटाईल व जियो सिंथेटिक टैक्सटाईल का निर्यात 200 बिलियन से ऊपर लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत विदेशों से 250 टन ग्लास फाईबर आयात करता है, जिसे अब देश में ही तैयार किया जाएगा। इस प्रकार के विशेष कपड़े का प्रयोग आने वाले समय में भवन , हवाई जहाज, विंड टरबाईन व हल्की कारों के निर्माण में भी होगा ।जो ना केवल लोहे से अधिक मजबूत होगा। बल्कि लोहे से हल्का व सस्ता भी होगा। उन्होंने कहा कि उन्नत देशों में इस कपड़े का प्रयोग 11 किलोग्राम प्रति व्यक्ति तक है। आने वाले समय में भारत भी इस नवाचार को अपनाकर उन्नत होगा। सम्मेलन में दुनिया भर के 14 देशों के कपड़ा क्षेत्र के जानकार भाग ले रहे हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज कुरूक्षेत्र जिले के लाडवा कस्बे की अनाज मंडी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय कृषि विकास मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह मेला हरियाणा की कृषि की आत्मा का उत्सव है अन्नदाताओं के संकल्प परिश्रम व नवाचार का महोत्सव है। मुख्यमंत्री ने कहा मेले का थीम जल संरक्षण पर है जो समय की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला किसानों को जल प्रबंधन की उन्नत तकनीक से जोड़कर एक जल आंदोलन पैदा कर सकता है। मुख्यमंत्री ने वैज्ञानिकों से आग्रह किया -

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने इस दौरान लाडवा में 9 सड़कों के सुदृढ़ीकरण का शुभारंभ किया और सचिवालय का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा -

मुख्यमंत्री ने कैथल ढांढ कुरुक्षेत्र पिपली से यमुनानगर लाडवा रादौर सड़क के सुदृढीकरण और इसको चार मार्गीय बनाने की भी घोषणा की।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि विधि मामलों के विभाग ने देश भर में लंबित मामलों की बढ़ती संख्या को कम करने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। वे नई दिल्ली में आयोजित सरकारी मुकदमेबाजी के कुशल और प्रभावी प्रबंधन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

*जो पेंडिंग मामले है सुप्रीम कोर्ट के लेवल पर भी हो, हाई कोर्ट के लेवल पर भी हो और हमारे डिस्ट्रिक्ट जुडिशरी पर भी हो और हमारे जितने भी ट्रिब्यूनल है, उनमे भी हो उनके हम कैसे कम करे, जिससे ईज ऑफ लिविंग का जो यह कॉन्सेप्ट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी उस दिशा में हम तेजी से आगे बढ़े।*

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के चरखी दादरी में 16 वर्षीय छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में हरियाणा महिला आयोग ने स्वता संज्ञान लेते हुए चरखी दादरी के पुलिस अधीक्षक को 5 दिन में रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भटिया ने बताया कि उनकी चरखी दादरी के पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा से बात भी हुई है। उन्होंने बताया कि अभी तक इस मामले में साहिल नाम के लड़के को गिरफ्तार किया गया है। साहिल ने बताया कि उसके फोन से दूसरा साहिल नाम का लड़का फोन करता था। इसकी जांच चल रही है। मृतक लड़की की मित्रता सचिन नाम के लड़के से बताई जाती है।लड़की की बेग से एक टिकट मिला है। जो चरखी दादरी से रोहतक और फिर रोहतक से चरखी दादरी का है। वह रोहतक किस लिए गई यह भी जांच का विषय है। बस अड्डे के कैमरे से यह पता चला है कि वह बस अड्डे से पार्क की तरफ जाती है और कुछ खाती है। पुलिस ने बताया कि शायद उसने कोई जहर खाया है। श्रीमती भाटिया ने कहा कि उसकी मृत्यु के कारण का पता पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही चलेगा।

---------------------------------------------------------------------------------------------------